एयूडी में नए कोर्स शुरू करने की तैयारी

नई दिल्ली | प्रमुख संवाददाता

अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी) का स्कूल ऑफ ग्लोबल अफेयर्स (एसजीए) वैश्विक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए जल्द स्नातक और परास्नातक के नए कोर्स शुरू करने जा रहा। विश्वविद्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ये पाठ्यक्रम कई चरणों में शुरू किए जाएंगे।

सार्वजनिक नीति और शासन, सार्वजनिक स्वास्थ्य, विज्ञान और प्रौद्योगिकी अध्ययन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम शुरू करने के साथ शोध कार्यक्रम शुरू करने की भी योजना है। उन्होंने बताया कि एसजीए ने परंपरागत पढ़ाई से अलग थीम आधारित पाठ्यक्रम शुरू किए हैं, लेकिन नए क्षेत्र में भी अध्ययन के कई द्वार खुले हैं। देश और देश के बाहर भी इन पाठ्यक्रमों की जरूरत है। यह कोर्स रोजगारपरक और उपयोगी हैं। हम ऐसे क्षेत्र को चिन्हित करते हैं जो वैश्विक रूप से आवश्यक है, जिससे लोग जूझ रहे हैं। जैसे विस्थापन भारत और यूरोप में समान रूप से हो रहा है। नस्लीय और इससे जुड़े सामाजिक मुद्दे हैं। स्वास्थ्य एक बड़ा मुद्दा है। पब्लिक हेल्थ में एमए के अलावा अन्य कोर्स भी शुरू होगी।

इन क्षेत्रों में काम : ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरण परिवर्तन, वैश्विक स्वास्थ्य और कल्याण, शहरीकरण, जियो पोलिटिक्स, जियो इकोनोमिक्स, विज्ञान प्रौद्योगिकी और समाज, प्रवासन और प्रवासी, धर्म और धर्मनिरपेक्षता सहित अन्य कई विषयों को लेकर एसजीए काम कर रहा है।

विदेशी भाषा में सर्टिफिकेट कोर्स

अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली के सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड कांटिन्यूइंग एजुकेशन के तहत विदेशी भाषा के कोर्स शुरू किए हैं। लेकिन दूतावासों की मांग और छात्रों के बीच विदेशी भाषा की लोकप्रियता को देखते हुए कुछ विदेशी भाषाओं के शार्ट टर्म सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने की भी योजना है।